डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
मोहान रोड, लखनऊ दूरभाष नं0– 0522–2891393 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक: 18 /प0सं0–240/डा.श.मि.रा.पु.वि./2018–19, लखनऊ, दिनांक: 05 मार्च, 2019

//कार्यालय ज्ञाप//

सामान्यतया सरकारी कार्यालयों में सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत कार्यालय समयावधि (साप्ताहिक 06 दिवसीय कार्यालय) प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 तक निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अन्तर्गत भी इसी परिपाटी (प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 तक) में निहित व्यवस्थानुसार समय निर्धारित है। विगत कुछ दिनों पूर्व मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रातः 10:00 बजे तथा अपराहन् 02:00–03:00 बजे निरीक्षणोपरान्त पाया गया था कि कतिपय अधिकारीगण/कार्मिक निर्धारित समयानुसार अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित नहीं थे। साथ ही यह भी देखा गया है कि कतिपय अधिकारीगण/कार्मिक विलम्ब से कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं, जो कि उचित एवं स्वस्थ कार्यशैली का परिचायक नहीं है।

अतः उपर्युक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यदि कभी किसी कारणवश संबंधित को आबंटित कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हो पाते हैं, तो उस स्थिति में वे सक्षम स्तर से लिखित रूप से अनुमति के उपरान्त ही सायं 6:00 बजे के बाद कार्यालय खोलकर कार्य संपादित करेंगे।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मा0 कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ।
2– वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3– समस्त अधिष्ठातागण तथा विभागाध्यक्षगण, विश्वविद्यालय।
4– समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण, विश्वविद्यालय।
5– सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव